आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. समर सेलिंग कैंप के समापन अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने राष्ट्रीय नौकायन चैम्पियनशिप के शीर्ष दस छात्र नाविकों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

2. डिगलीपुर में "संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर" के तहत जन शिकायत निवारण कार्यक्रम और राजस्व शिविर अदालत का आयोजन किया गया।

3. समाज कल्याण निदेशालय ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एसबीआई शाखा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

4. पर्यटन विभाग 17 जुलाई से दो दिवसीय 'मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के द्वितीय संस्करण का आयोजन कर रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार सेलिंग क्लब की ओर से स्कूली बच्चों के लिए आयोजित समर सेलिंग कैंप का कल मरीना पार्क स्थित जलक्रीड़ा परिसर में समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने शीर्ष दस छात्र नाविकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चमाड़िया, जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता सुगथन, अंडमान निकोबार कमान के कमोडोर नितेश गर्ग, स्किफ सेलिंग एसोसिएशन के अधिकारी और अभिभावक उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि इस तरह के बड़े आयोजन छात्रों में अनुशासन, समयबद्धता, भाईचारा, निडरता और टीम वर्क जैसे मूल्यों को विकसित करते हैं। ये गुण बच्चों को अधिक जिम्मेदार, जुझारू और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने में मदद करते हैं। लिटिल अंडमान में हाल ही में आयोजित सर्फिंग फेस्टिवल के सफल आयोजन का जिक्र करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि द्वीप समूह में विभिन्न प्रकार के वॉटर स्पोर्ट्स के विकास की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य सचिव ने मुख्य भूमि में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय नौकायन चैंपियनशिप के लिए चुने गए 10 नाविकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा की अध्यक्षता में हाल ही में डिगलीपुर "संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर" के तहत जन शिकायत निवारण कार्यक्रम और राजस्व शिविर अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संतोष प्रकाश, विभिन्न विभागों के प्रमुख, जिला प्रशासन के अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और आम जनता उपस्थित थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण और जन शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करके जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान, उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को उनके शीघ्र समाधान के लिए त्वरित और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपस्थिति को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त ने जवाबदेह, पारदर्शी और सुलभ शासन के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग, ने सतहत्तरवें वन महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान केन्द्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) रवि होरो, विज्ञान केन्द्र के क्यूरेटर डॉ. मनु वशिष्ठ, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम. राजकुमार, मुख्य वन संरक्षक डॉ. दिनेश कन्नन के साथ पर्यावरण एवं वन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस आयोजन के हिस्से के रूप में, गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों ने स्थानीय परिदृश्य के अनुकूल विभिन्न स्वदेशी वृक्षों की प्रजातियों के पौधे लगाए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने देशव्यापी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी हितधारकों को पूरे वर्ष, विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसरों पर इस तरह के वृक्षारोपण अभियान आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों से बाहर वृक्षों के आवरण का विस्तार करने के लिए सरकारी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं, गैर–सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और आम जनता के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए कल मोहनपुरा स्थित एसबीआई शाखा में 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, बाल गृह के प्रोबेशन अधिकारी ने

प्रतिभागियों को निदेशालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इन योजनाओं के तहत पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध लाभों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में व्यक्तियों तथा समुदायों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सी. राज ने जागरूकता बढ़ाने और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की अधिक से अधिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इसी तरह की पहलों को लगातार आयोजित करने के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग 'मानसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल' के द्वितीय संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह उत्सव सत्रह से उन्नीस जुलाई तक प्रदर्शनी मैदान में शाम चार बजे से आयोजित होगा। इसके लिए विभाग ने होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, कैफे मालिकों, खाद्य उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, शिल्पकारों, किसानों, स्टार्ट–अप्स, होम शेफ, स्थानीय उद्यमियों के साथ स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागी स्टॉल आवंटन और भागीदारी के लिए अपना आवेदन निदेशालय के ऑपरेशनल सेक्शन में या ईमेल के माध्यम से चौदह जुलाई, दिन में ग्यारह बजे तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के प्रबंधक  से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से श्री विजयपुरम और मुख्य भूमि के प्रमुख शहरों के बीच संचालित होने वाली विमानों द्वारा वसूले जा रहे अत्यधिक हवाई किराये को नियंत्रित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अपने लिखे पत्र में इस बात पर प्रकाश डाला कि श्री विजयपुरम से दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, विशाखापत्तनम और मुख्य भूमि का हवाई किराया आम जनता के लिए वहन योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के किराये से द्वीपवासियों पर वित्तीय बोझ पड़ता है। इसके कारण पर्यटन भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप द्वीपों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। श्री भास्कर ने कहा कि द्वीपसमूह के लोग उच्च शिक्षा, विशेष चिकित्सा उपचार, रोजगार, व्यवसाय और पारिवारिक आपात स्थितियों के लिए पूरी तरह से हवाई संपर्क पर निर्भर हैं।

<><><><><><><>